भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2208

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

एनएच-516ई का उन्नयन

2208. डॉ. सी. एम. रमेश:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आन्ध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू और अनकापल्ली जिलों को शामिल करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग-516ई के कोय्यूरू चपराथीपालेम खंड के पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन का बनाने और इनके उन्नयन का ब्यौरा और स्थिति क्या है;

(ख) परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है और अब तक किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि अस्सी प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है; और

(घ) यह संपूर्ण कार्य कब तक पूरा हो जाएगा और इसे राष्ट्र को समर्पित किए जाने की संभावना क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू और अनकापल्ली जिलों को शामिल करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) -516ई के कोय्युरु-चपराथीपालेम खंड का पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन में पुनर्स्थापन एवं उन्नयन की परियोजना शुरू की गई है। इस परियोजना की कुल लंबाई 45.50 किमी है और इसकी स्वीकृत लागत 349.29 करोड़ रुपये है। कार्य दिनांक 08.07.2022 को शुरू किया गया था और अब तक 256.4 करोड़ रुपये का व्यय किया गया है। यह कार्य पूर्णता के अग्रिम चरण में है और 97.68 प्रतिशत वास्तविक प्रगति हासिल कर चुका है और इसे 31.03.2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

*****